भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-28

उत्तर देने की तारीख-01/12/2025

दक्षिण कन्नड़ जिले में केंद्रीय छात्रवृत्ति योजनाएँ

†28. **कैप्टन बृजेश चौटा**:

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) कर्नाटक राज्य के दक्षिण कन्नड़ जिले के कितने छात्र पिछले पाँच वर्षों के दौरान एनएसपी, इंस्पायर और सीएसएसएस जैसी राष्ट्रीय छात्रवृत्तियों से लाभान्वित हुए हैं;

(ख) क्या सरकार के पास उक्त जिले में छात्रवृत्ति प्राप्तकर्ताओं के लिंग-वार वितरण का डेटा है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने कार्यान्वयन चुनौतियों या छात्रों के बीच कम डिजिटल जागरूकता, दस्तावेज़ीकरण में देरी या पोर्टल पहुँच संबंधी समस्याओं जैसी कमियों को दूर करने के लिए कोई कदम उठाए हैं और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) उक्त जिले में इन छात्रवृत्तियों के माध्यम से अपिव/अजा/अजजा और दिव्यांग पृष्ठभूमि के युवाओं को प्राप्त लाभों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(डॉ. सुकांत मजूमदार)

(क) से (घ): सरकार मौजूदा योजना के दिशानिर्देशों के अध्यधीन सभी श्रेणियों के छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं को लागू कर रही है। नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली छात्रवृत्तियों के लिए वन-स्टॉप समाधान है, जिसमें उच्चतर शिक्षा विभाग की पीएम-यूएसपी सीएसएसएस छात्रवृत्ति भी शामिल है। इंस्पायर छात्रवृत्ति विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा कार्यान्वित की जाती है। एनएसपी और डीएसटी द्वारा प्रदान की गई जानकारी के अनुसार, कर्नाटक राज्य के दक्षिण कन्नड़ जिले से पोस्ट-मैट्रिक और उच्चतर शिक्षा प्राप्त कर रहे 32448 छात्रों ने एनएसपी-ऑनबोर्डेड छात्रवृत्ति,

इंस्पायर और पीएम-यूएसपी सीएसएसएस का लाभ प्राप्त किया है। इसमें 11694 पुरुष, 20752 महिला और 2 अन्य लाभार्थी शामिल हैं। इन छात्रवृत्तियों के माध्यम से 28990 ओबीसी, 528 एससी, 989 एसटी और 449 पीडबल्यूबीडी छात्रों को लाभ प्रदान किया गया हैं।

छात्रों के बीच जागरूकता के प्रसार के लिए, छात्रवृत्ति के बारे में जानकारी प्रिंट और सोशल मीडिया के माध्यम से सभी राज्यों के शिक्षा विभागों और उच्चतर माध्यमिक बोर्डों सहित हितधारकों के बीच प्रसारित की जाती है। छात्रों के लिए उपयोगी जानकारी नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल के समर्पित छात्र अनुभाग और संबंधित मंत्रालयों की वेबसाइट पर भी प्रदान की जाती है।

पीएम-यूएसपी सीएसएसएस के तहत छात्रवृत्तियां उन गरीब छात्रों की सहायता करती हैं जिनकी वार्षिक पारिवारिक आय ₹ 4.5 लाख तक है और जिन्होंने उच्च माध्यमिक बोर्ड में शीर्ष 20 प्रतिशत में स्थान प्राप्त किया है, ताकि वे किसी भी संकाय में उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकें जिसमें उन्होंने प्रवेश लिया हो। राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल पर शामिल विभिन्न छात्रवृत्तियाँ योग्य छात्रों को पोस्ट-मैट्रिक और उच्च शिक्षा प्राप्त करने में सहायता करती हैं। इंस्पायर स्कॉलरशिप फॉर हायर एजुकेशन (एसएचई) का उद्देश्य प्रतिभाशाली युवाओं को विज्ञान आधारित कार्यक्रमों में उच्च शिक्षा लेने हेतु प्रोत्साहित करना है, जिसके लिए यह छात्रवृत्ति और अग्रणी शोधकर्ताओं के साथ ग्रीष्मकालीन जुड़ाव के माध्यम से मार्गदर्शन प्रदान करती है।

*****